# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा एचपीवी वैक्सीन

## मुख्यमंत्री ने जबलपुर को दी 37 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात



### नेत्र दिव्यांग बालिकाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए. उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लखपति दीदी आरती चौधरी और सीता गोंड को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए.

**भोपाल,09 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.**

सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है. मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है. इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है. वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा. डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें.

### 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया. इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है.

### एक नजर में

#### जमीन विवाद में दो पक्षों में झड़प, 3 लोग गंभीर घायल

**मुरैना.** मुरैना जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुए संघर्ष में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मुरैना गांव स्थित स्वामी मोहल्ला निवासी दो सगे भाई प्रदीप शर्मा और श्रीनिवास शर्मा के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. सोमवार सुबह प्रदीप शर्मा अपने पुत्र वैभव शर्मा और विनय शर्मा के साथ खेत में खड़ी सरसों की फसल काटने पहुंचे थे. इसी दौरान श्रीनिवास शर्मा अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया और विवाद हो गया.


#### वन्यजीव के हमले में महिला समेत तीन घायल

**शिवपुरी.** शिवपुरी जिले के ग्राम कुंवरपुर में एक जंगली सूअर के मकान में घुस आने से महिला और उसकी दो बेटियां घायल हो गईं. घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भर्ती कराया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगली सूअर अचानक एक मकान के अंदर घुस गया और वहां मौजूद महिला तथा उसकी दो बेटियों पर हमला कर दिया. उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह सूअर को भगाकर तीनों को बचाया. इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल शिवपुरी भेजा गया.

# कैट के आदेश को हाईकोर्ट ने रखा बरकरार

## ओएफके भर्तियों से जुड़ा मामला

**जबलपुर,09 मार्च. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन (टेक्निकल एवं नॉन-टेक्निकल) पद के लिए आयोजित लिमिटेड डिपार्टमेंटल कॉम्पटेटिव एगजाम को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया.**



जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर के पूर्व आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि चयन परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई थी. जबलपुर निवासी मुकेश कुमार मिश्रा एवं अन्य ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि परीक्षा के दौरान व्हाट्सएप पर प्रसारित उत्तर कुंजी के माध्यम से प्रश्नपत्र लीक किया गया था. मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि यह दस्तावेज परीक्षा के लगभग 20 दिन बाद और आधिकारिक उत्तर कुंजी जारी होने के बाद व्हाट्सएप पर प्रसारित किया गया था. ऐसे में इसे प्रश्नपत्र लीक होने का प्रमाण नहीं माना जा सकता.

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि उस तथाकथित दस्तावेज में किसी विषय, प्रश्नपत्र सेट अथवा उत्तरों को डिकोड करने की कोई स्पष्ट पद्धति नहीं बताई गई थी, जिससे इसकी विश्वसनीयता संदिग्ध हो जाती है. फैक्टरीज द्वारा गठित जांच समिति ने भी अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट में परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा प्रश्नपत्र लीक होने के कोई प्रमाण नहीं पाए. ऑर्डिनेंस फैक्टरीज एलडीसीई परीक्षा 26 फरवरी 2023 से 3 मार्च 2023 तक कुल 998 रिक्तियों को भरने के लिए आयोजित की गई थी. ये रिक्तियां 42 विभिन्न इकाइयों-कारखानों में चार्जमैन (तकनीकी और गैर-तकनीकी) के पद से संबंधित थीं.

# नरेला क्षेत्र में फर्जी मतदाता होने के आरोप



विशेष संवाददाता

**भोपाल,09 मार्च. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भोपाल की नरेला विधानसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने का आरोप लगाया है.**

उन्होंने इस संबंध में प्रमाण सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की.

दिग्विजय सिंह ने अपने ज्ञापन में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है.

इस प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिए, ताकि मृत या प्रवासी व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें. उन्होंने आरोप लगाया कि नरेला क्षेत्र में इस प्रक्रिया के विपरीत बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए हैं.

> नरेला विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने जमीनी स्तर पर जांच के दौरान पाया कि 21 फरवरी 2026 को जारी अंतिम मतदाता सूची में कई ऐसे नाम दर्ज हैं, जो संबंधित पते पर निवास नहीं करते. उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक मकान में केवल छह लोग रहते हैं, लेकिन वहां लगभग 65 मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए, जबकि दूसरे मकान में चार-पांच निवासियों के बावजूद करीब 45 मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज हैं. इस अवसर पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी आरोप लगाया कि एक अन्य विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मोबाइल नंबरों से की गई शिकायतों के आधार पर हजारों वास्तविक मतदाताओं के नाम कटवा दिए गए. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रस्तुत शिकायतों और दस्तावेजों की विधिवत जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

# व्यापक कार्य योजना को दिया अंतिम रूप

## जल गंगा संवर्धन अभियान

## अमृत मित्र संभालेंगे जल संरक्षण की कमान

**भोपाल, 9 मार्च. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' में प्रदेश की जल संपदा को सहेजने और नगरीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सुदृढ़ रणनीति तैयार की गई है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इस कार्य योजना का मुख्य ध्येय नगरीय निकायों में पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना है. इस अभियान में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि वे नदियों, तालाबों, बावडियों और नालों के किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर तत्काल हटाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें.

> जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त बनाने से न केवल उनके प्राकृतिक स्वरूप को लौटाया जा सकेगा.वर्षा जल के निर्बाध प्रवाह से भू-जल स्तर में भी आशातीत वृद्धि होगी. अभियान में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता कार्यों के लिए व्यापक वित्तीय प्रावधान किए गए हैं, जिसमें अमृत 2.0 से प्रदेश की 112 जल संग्रहण संरचनाओं, जिनका क्षेत्रफल लगभग 3315 एकड़ है, के जीर्णोद्धार के लिये 67 करोड़ रुपये का निवेश होगा. स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से 100 प्रमुख नालों के शुद्धिकरण की योजना पर 664 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे. विभाग ने आगामी समय में 1000 जल ग्रहण संरचनाओं के वैज्ञानिक पद्धति से संवर्धन और 5000 नाले-नालियों की सघन सफाई एवं सौंदर्यीकरण का लक्ष्य भी निर्धारित किया है. नगरीय क्षेत्रों में जल संचय की आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए 5000 नई रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणालियां स्थापित की जाएंगी, जो भविष्य की जल सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होंगी.

# 9 जिलो में मंडलम अध्यक्षों एवं 26 नगर अध्यक्षों की नियुक्तियां

**भोपाल, 09 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज 9 जिलो में विधानसभावार मंडलम अध्यक्ष एवं 26नगर अध्यक्षों की नियुक्तियां भी घोषित की गईं.**

संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत यह नियुक्तियां पूरी पारदर्शिता और संगठनात्मक मानकों के अनुरूप की गई हैं. इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करना है.

डॉ. कामले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक मंडलम एवं नगर स्तर पर सक्रिय, समर्पित और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूती प्रदान की जाए. नव नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें और प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रमों को गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड तक पहुंचाएं.

# 7,800 किलोग्राम से अधिक अफीम जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 09 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है.**

इसी क्रम में पिछले एक सप्ताह के दौरान छतरपुर, टीकमगढ़ और दमोह जिलों में की गई कार्रवाई में पुलिस ने 7,890 किलोग्राम से अधिक अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल जब्त की है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है. छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के उर्दमऊ गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर खेत में छापा मारकर करीब आधे एकड़ क्षेत्र में उगाई गई अफीम की फसल बरामद की. पुलिस ने लगभग 1,140



किलोग्राम अफीम के पौधों को उखाड़कर जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई गई है. टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव में गेहूं की फसल के बीच छिपाकर लगाए गए अफीम के पौधे पाए गए. यहां से करीब 419 किलोग्राम फसल जब्त की गई, जिसकी कीमत 45 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है.

### 6,331 किलोग्राम अफीम की फसल बरामद

वहीं दमोह जिले के सुहेला गांव में लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में उगाई गई करीब 6,331 किलोग्राम अफीम की फसल बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.89 करोड़ रुपये है. सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

### पेज एक का शेष

## रामनिवास रावत होंगे नए विधायक

जब तक हम अपील करते हैं इस ऑर्डर पर 15 दिन के लिए रोक लगनी चाहिए. हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं. पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने कहा कि मैं हाई कोर्ट के ऑर्डर को इस तरह देखता हूं कि कोर्ट के बनाए गए इलेक्शन रिफॉर्म्स के हिसाब से नॉमिनेशन में जानकारी देना कैंडिडेट की जिम्मेदारी है. उन्होंने अपने एफिडेविट में क्रिमिनल जानकारी छिपाई थी. इसलिए, उनके खिलाफ एक पिटीशन फाइल की गई थी, जिसे आज फैसला आया है. उन्होंने बताया कि मल्होत्रा ने दो क्राइम केस की जानकारी छिपाई थी. उन्होंने यह भी छिपाया था कि उन पर एक क्राइम में चार्ज लगा था. वह सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं. यह उनका न्यायिक अधिकार है. उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है.

कोर्ट के फैसले के बाद विजयपुर में रामनिवास रावत के समर्थकों ने पटाखे फोड़कर जश्न मनाया.

### सुको में देंगे चुनौती : तन्खा

मामले में विवेक तन्खा ने कहा कि विजयपुर सीट के विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव रद्द और रावत को विजय घोषित करने (ग्वालियर हाई कोर्ट) के फैसले को शीघ्र सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला ले लिया है. कांग्रेस पार्टी एवं विधायक मुकेश मल्होत्रा इस फैसले को त्रुटिपूर्ण मानती हैं.

# आत्म-सशक्तिकरण के लिए जागरुकता कार्यक्रम



**भोपाल, 09 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च 2026 को पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा नर्मदा क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य, आत्म-सशक्तिकरण और जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरु महेश अग्रवाल उपस्थित रहे. उन्होंने ध्यान (मेडिटेशन), संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक संतुलन, अनुशासित दिनचर्या और नियमित योगाभ्यास बेहद आवश्यक है.

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की मजबूत आधारशिला होती है. इसलिए महिलाओं को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और दैनिक जीवन में योग तथा ध्यान को अपनाना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों को प्रेरणादायक विषय पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई, जिसने उन्हें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला रेल कर्मचारी उपस्थित रहीं.

### आरपीएफ का ऑपरेशन अमानत अभियान

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन अमानत अभियान यात्रियों का खोया सामान वापस दिलाने में लगातार सफल साबित हो रहा है. वर्ष 2025 में आरपीएफ ने कुल 472 मामलों में यात्रियों का छूटा हुआ सामान बरामद कर उन्हें वापस किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1.35 करोड़ से अधिक है. माहवार आंकड़ों के अनुसार जनवरी से दिसंबर तक मोबाइल, बैग, लैपटॉप, आभूषण सहित कई कीमती वस्तुएं बरामद कर यात्रियों को सौंप दी गईं.



# प्रदेश में गर्म हवाओं से गर्मी के तेवर हुए तीखे

## 39 डिग्री तक पहुंच गया तापमान

**भोपाल, 09 मार्च. मध्यप्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत से ही तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है. महीने के पहले ही सप्ताह में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है.**

खासकर मालवा-निमाड़ क्षेत्र के शहरों में गर्मी ने तेजी से तेवर दिखाए हैं और कई स्थानों पर तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है.

रविवार को रंगपंचमी के दिन प्रदेशभर में तेज धूप रही. रतलाम में सबसे अधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. वहीं उज्जैन में 36.7 डिग्री, ग्वालियर में 36.5 डिग्री, इंदौर में 35.8 डिग्री, भोपाल में 34.8 डिग्री और जबलपुर में 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया. इसके अलावा नर्मदापुरम में 38.1 डिग्री, गुना और सागर में 37.4 डिग्री तथा श्योपुर में 37 डिग्री पारा दर्ज हुआ. प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा, जिससे लोगों को दोपहर के समय तेज गर्मी का सामना करना पड़ा.

मौसम विभाग के अनुसार इस बार गर्मी जल्दी बढ़ने की मुख्य वजह हवाओं की दिशा में बदलाव है. फिलहाल प्रदेश में हवा उत्तर-पूर्व की बजाय पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही है. साथ ही हवा में नमी कम होने और रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है.


> पिछले वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में आमतौर पर तेज गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े में शुरू होती थी, लेकिन इस बार शुरुआत में ही तापमान में उछाल देखने को मिला है. मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और वृद्धि हो सकती है. ऐसे में मार्च के पहले ही पखवाड़े में कई शहरों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना है.

### अहं फैसला | कांग्रेस विधायक का निर्वाचन शून्य घोषित करने का मामला

# विजयपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी कांग्रेस : पटवारी

विशेष संवाददाता

**भोपाल,09 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को कहा कि विजयपुर के कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा के निर्वाचन को निरस्त कर पराजित भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने के न्यायालय के फैसले को कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी.**



भोपाल स्थित अपने निवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि हजारों मतों से चुनाव जीतने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को पद से हटा दिया गया, जबकि चुनाव हारने वाले उम्मीदवार को विधायक घोषित कर दिया गया.

उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने एक आदिवासी कांग्रेस विधायक को पदमुक्त कराकर उनकी जगह पराजित प्रत्याशी को विधायक बनवाने में सफलता हासिल की है. पटवारी ने इस घटनाक्रम को सत्तारूढ़ दल के "अंत की शुरुआत" करार दिया.

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा को यह स्वीकार नहीं है कि कोई आदिवासी नेता सामान्य सीट से जीतकर विधायक बने. उन्होंने भाजपा पर दलित और आदिवासी विरोधी होने का भी आरोप लगाया.

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और पार्टी कानूनी रास्ता अपनाते हुए वहां अपील करेगी.

## न्यायपालिका का सम्मान करते हैं, लेकिन फैसले पर लेंगे व्यापक कानूनी राय : उमंग सिंघार



**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ग्वालियर खंडपीठ द्वारा विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा के निर्वाचन को शून्य घोषित किए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है. अपने बयान में सिंघार ने कहा कि उच्च न्यायालय ने चुनावी हलफनामे में अपूर्ण जानकारी दिए जाने के आधार पर मुकेश मल्होत्रा के निर्वाचन को निरस्त किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका और उसके निर्णयों का सम्मान करती है. सिंघार ने कहा कि पार्टी इस निर्णय का विस्तृत अध्ययन करेगी और विधि विशेषज्ञों से परामर्श लेने के बाद आगे की रणनीति तय करेगी. उन्होंने बताया कि कांग्रेस उचित कानूनी सलाह लेने के बाद इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रही है. उन्होंने आगे कहा कि विजयपुर की जनता ने कांग्रेस पार्टी को अपना जनादेश दिया है और आज भी जनता पार्टी के साथ खड़ी है. सिंघार ने न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास जताते हुए कहा कि कांग्रेस को उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से उसे न्याय मिलेगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14